Phone :- 0135-2729863

कार्यालय अधिशासी अभियन्ता,
निर्माण खण्ड, लो०नि०वि०, देहरादून
*Office of the Executive Engineer, Construction Division, P.W.D., Dehradun, Uttarakhand*
Website-http://pwd.uk.gov.in E-mail: eecdpwdddn@rediffmail.com

पत्रांक 2924/ 26 सी0 (व०भू०) दिनांक 08 /08/ 2022.

सेवा में,

प्रभागीय वनाधिकारी,
कालसी भूमि संरक्षण वन प्रभाग,
कालसी।

विषय — जनपद देहरादून के विकासखण्ड विकासनगर में ग्राम पंचायत पष्टा की मजरा (हरिजन बस्ती) आमवाला, मल्लावाला–।। से पीपलसार तक भूड़ से मोटर मार्ग के नव निर्माण हेतु 3.955 है0 वन भूमि का गैर वानिका कार्यो हेतु लोक निर्माण विभाग को प्रत्यावर्तन किए जाने के सम्बन्ध में। (प्रस्ताव संख्या–FP/UK/ROAD/126632/2021)

सन्दर्भ— भारत सरकार पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय की पत्र संख्या–8बी0/U.C.P/06/14/F.C/1372 Dated 07-01-2022

महोदय,

उपरोक्त विषयक सन्दर्भित पत्र के क्रम में अवगत कराना है कि भारत सरकार, क्षेत्रीय कार्यालय, देहरादून की सन्दर्भित पत्र द्वारा विषयक वन भूमि प्रकरण में कतिपय आपत्तियां लगाई गई थी, जिनका निराकरण कर इस कार्यालय के पत्रांक 1702/25सी0 (वन0भूमि0) दिनांक 27.05.2022 द्वारा ऑन लाईन अपलोड करते हुए हार्ड कॉपी आपके कार्यालय को प्रेषित की गई थी। आपके कार्यालय द्वारा संन्दर्भित पत्र में वर्णित एक आपत्ति का सुसंगत निराकरण किए जाने हेतु इस कार्यालय को ऑनलाईन सूचित किया गया है।

उपरोक्त के अनुपालन में अवगत कराना है कि भारत सरकार क्षेत्रीय कार्यालय देहरादून द्वारा लगाई गई आपत्ति क्रमांक 2, जिसमें उल्लेख किया गया है कि प्रस्ताव में पैरा बी0–1 में Filled Detailes विषयक प्रस्ताव के सापेक्ष प्रासंगिक (Relevant) रूप में Filled नहीं है। इस परिपेक्ष्य में अवगत कराना है कि इस कार्यालय द्वारा पोर्टल में भरा गया विवरण विधिक (Manual) रूप में अंकित (Filled) नहीं किया गया है, पोर्टल पर खुद ब खुद (Automatically) रूप से अन्य वन भूमि प्रकरण का विवरण Detailes अंकित (Filled) हो गया है, जिसके निराकरण की कार्यवाही प्रक्रियाधीन है।

अतः अनुरोध है कि कृपया विषयक वन भूमि हस्तान्तरण प्रस्ताव पर आवश्यक कार्यवाही करते हुए अग्रसारित करने का कष्ट करें।

भवदीय,

(इं0 राजेश कुमार)
अधिशासी अभियन्ता,
निर्माण खण्ड, लो०नि०वि०, देहरादून
दिनांक : / /2022

पत्रांक : /26 सी0 (वन०भूमि०)

**प्रतिलिपि निम्नलिखित को उपरोक्त क्रम में सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।**

1. वन संरक्षक, शिवालिक वृत्त, उत्तराखण्ड, देहरादून।
2. श्री प्रदीप कुमार, सहायक अभियन्ता, निर्माण खण्ड, लो0नि0वि0, देहरादून को सूचनार्थ एवं प्रकरण पर आवश्यक अनुश्रवण हेतु प्रेषित।
3. श्री श्रीचरण सिंह गुसाई, श्री उत्तम सिंह रावत, खण्डीय अमीन, निर्माण खण्ड, लो0नि0वि0, देहरादून को सूचनार्थ एवं उपरोक्तानुसार आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

अधिशासी अभियन्ता,
निर्माण खण्ड, लो०नि०वि०, देहरादून

Kamal/Amin ji 25.02.2022